भारत सरकार | राज्य सभा
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | अतारांकित प्रश्न सं. 844
(वाणिज्य विभाग)

**दिनांक 06 फरवरी, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए**

ईरान के साथ व्यापार पर प्रशुल्क का प्रभाव

844 सुश्री सुष्मिता देवः

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान के साथ व्यापार जारी रखने वाले देशों पर 25 प्रतिशत प्रशुल्क अधिरोपित करने अथवा प्रस्तावित करने की घोषणा की है;

(ख) भारत द्वारा वर्ष 2020 से अब तक ईरान को निर्यात की गई चाय और चावल की वर्ष-वार मात्रा और मूल्य क्या है;

(ग) उक्त अमेरिकी प्रशुल्क उपायों के परिणामस्वरूप, विशेषरूप से चाय उत्पादकों, चावल निर्यातकों तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के संबंध में, ऐसे निर्यातों का अनुमानित कितना हिस्सा प्रभावित होने की संभावना है; और

(घ) क्या सरकार ने अमेरिकी बाज़ार तक पहुँच में कमी अथवा ईरान से संबंधित लेन-देन से जुड़े व्यापारिक अवरोधों में वृद्धि के परिणामस्वरूप भारतीय निर्यातकों को होने वाले संभावित नुकसान का आकलन किया है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (घ) : वर्तमान में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने ऐसा कोई टैरिफ नहीं लगाया है।

ईरान को चाय और चावल के निर्यात का मूल्य निम्नवत है:

**चायः भारत से ईरान को निर्यात**

| वर्ष | मात्रा (हजार किलोग्राम में) | मूल्य (मिलियन डॉलर) |
|---|---|---|
| 2020 | 36000.18 | 132.23 |
| 2021 | 27943.80 | 96.60 |
| 2022 | 24977.34 | 85.79 |
| 2023 | 8520.50 | 29.63 |
| 2024 | 12034.25 | 40.81 |
| 2025 नवंबर तक | 13388.67 | 47.78 |

*स्रोतः डीजीसीआईएस*

चावल: भारत से ईरान को निर्यात

| वर्ष | मात्रा (हजार टन में) | मूल्य (मिलियन डॉलर) |
|---|---|---|
| 2020 | 1102.11 | 877.41 |
| 2021 | 871.38 | 661.27 |
| 2022 | 1245.25 | 1162.01 |
| 2023 | 749.34 | 735.57 |
| 2024 | 745.26 | 709.57 |
| 2025 नवंबर तक | 878.29 | 681.06 |

स्रोत:डीजीसीआईएस

*****